# गौतम बुद्ध महाविद्यालय

सम्बद्ध-सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर

पचपेड़वा, सांगठ, संतकबीर नगर (उ.प्र.)

**(शिक्षा संकाय)**

## पाठ्य योजना - 2

सत्र : 2024-2025

स्काउट गाइड



छात्राध्यापक/छात्राध्यापिका का नाम मोहम्मद अहमद

शिक्षण विषय स्काउट और गाइड प्रार्थना

महाविद्यालय अनुक्रमांक 0031

विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित अनुक्रमांक

दिनांक ..........



# स्काउट और गाइड प्रार्थना

दया कर दान भक्ति का, हमें परमात्मा देना।
दया करना हमारी आत्मा, में शुद्धता देना।
हमारे ध्यान मे आओ, प्रभु आँखों मे बस जाओ।
अन्धेरे दिल में आ करके, परम ज्योति जगा देना।
बहा दो प्रेम की गंगा, दिलों मे प्रेम का सागर।
हमे आपस में मिलजुल कर, प्रभु रहना सिखा देना।
हमारा कर्म हो सेवा, व सेवक चार बना देना।
सदा ईमान हो सेवा, व सेवक चार बना देना।
वतन के वास्ते जीना, वतन के वास्ते मरना।
वतन पर जाँ फिदा करना, प्रभु हमको सिखा देना।
दया कर दान भक्ति का, हमे परमात्मा देना।
दया करना हमारी आत्मा, मे शुद्धता देना।

रचयिता – श्री वीर देववीर

प्रार्थना मे लगने वाला समय – 90 सेकण्ड

दिनांक ..........................



## स्काउट एवं गाइड झण्डागीत

भारत स्काउट गाइड झण्डा ऊँचा सदा रहेगा।
ऊँचा सदा रहेगा झण्डा ऊँचा सदा रहेगा।
नीला रंग गगन सा विस्तृत भ्रातृभाव फैलाता।
त्रिदल कमल नित् हित तीन प्रतिज्ञाओं की याद दिलाता।
और चक्र कहता है प्रतिपल आगे कदम बढ़ेगा।
ऊँचा सदा रहेगा झण्डा ऊँचा सदा रहेगा।
भारत स्काउट गाइड झण्डा ऊँचा सदा रहेगा।

रचयिता – श्री दया शंकर भट्ट

झण्डा गीत में लगने वाला समय – 45 सेकण्ड

दिनांक ..........................



## स्काउट एंव गाइड नियम

स्काउट एंव गाइड नियम एक है- परन्तु इसके 9 बिन्दु हैं।

1. स्काउट विश्वसनीय होता है।
2. स्काउट वफादार होता है।
3. स्काउट सबका मित्र और प्रत्येक दूसरे स्काउट का भाई होता है।
4. स्काउट विनम्र होता है।
5. स्काउट पशु पक्षियों का मित्र एंव प्रकृति प्रेमी होता है।
6. स्काउट अनुशासन शील होता है, और सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करने में सहायता प्रदान करता है।
7. स्काउट साहसी होता है।
8. स्काउट मितव्ययी होता है।
9. स्काउट मन वचन और क्रम में शुद्ध होता है।

**स्काउटिंग क्या है-**

यह एक राजनैतिक गैर सरकारी शैक्षिक युवा संगठन है।

**स्काउट एंव गाइड के उद्देश्य-**

स्काउट एवं गाइड का प्रमुख उद्देश्य छात्र / छात्राओं में देश प्रेम एंव सेवा की भावना जाग्रत कर हर परिस्थिति में अपने आप को आगे बढ़ते रहने को तैय्यार करना है।

## स्काउट एंव गाइड के सिद्धान्त –

1. ईश्वर के प्रति कर्तव्य का पालन
2. दूसरों के प्रति कर्तव्य का पालन
3. स्वंय के प्रति कर्तव्य का पालन

## स्काउट एंव गाइड चिन्ह –

सावधान की अवस्था में दाहिने हाथ को ऊपर उठाते हुये छोटी उंगली को अंगूठे से दबाकर बाकी तीन उगलियों को कन्धे की सीध में हथेली को सामने की तरफ रखते हुये स्काउट एंव गाइड का चिन्ह बनाते हैं।

## स्काउट और गाइड की प्रतिज्ञा –

मैं मर्यादा पूर्वक प्रतिज्ञा करती हूं कि मैं यथा शक्ति ईश्वर और अपने देश के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करूंगी, दूसरों की सहायता करूंगा, गाइड नियम का पालन करूंगा।

## स्काउट और गाइड का इतिहास –

सेना में स्काउट शब्द का अर्थ होता है - गुप्त चर स्काउटिंग को सेना के सीमित क्षेत्र से खींचकर जन साधारण छात्र/छात्राओं तक लाने का श्रेय - लार्ड बेडेन पावेल को जाता है जिन्हें बी॰ पी॰ के नाम से भी जाना जाता है लार्ड बेडेन पावेल का पूरा नाम - राबर्ट स्टीफेन्सन स्मिथ बेडेन पावेल था। उनका जन्म 22 फरवरी

1857 ई० को लन्दन के रेवरेण्ड प्रोफिसर हरबर्ट जार्ज वेडेन पॉवेल के घर हुआ था। जब बी० पी० तीन वर्ष के थे तो उनके पिता की मृत्यु हो गयी थी। इनकी माता हेन रेटा ग्रेस स्मिथ ने अत्यन्त कुशलता एवं साहस से परिवार की देखभाल की सन् 1900 में दक्षिण अफ्रीका में वीर युद्ध के समय इन्हें छोटे - छोटे बालकों की असीम शक्ति अदम्य साहस कर्तव्य परायणता और कार्यनिष्ठा देखने को मिला। इससे इन्हें विश्वास हो गया कि - बालक युद्ध एवं शांति काल दोनों में संसार को लाभ पहुँचा सकते हैं। लार्ड पॉवेल ने सन 1907 में ब्राउन सी नामक टापू पर 20 बालकों के साथ अपना प्रथम शिविर लगाया इसकी सफलता से प्रेरित होकर वेडेन पॉवेल ने इस दिशा में और अधिक उत्साह से काम करना शुरू कर दिया।

## स्काउटिंग की उत्पत्ति

लार्ड वेडेन पॉवेल ने 29 दिसम्बर को लन्दन में स्काउट शैली का आयोजन किया और अपनी बहन की सहायता से गर्ल गाइडिंग की शुरुआत की।
गाइडिंग की उत्पत्ति सन् 1910 में मानी जाती है।














# सीटियों के संकेत

| सीटी के संकेत | सीटी के अभिप्राय |
| --- | --- |
| 1. एक लम्बी सीटी (——) | • सावधान, आदेश की प्रतीक्षा करें। |
| 2. लगातार छोटी-छोटी सीटी (0000) | • दौड़ कर एकत्र हो जायें। |
| 3. लगातार एक छोटी और एक बड़ी सीटी (0—0—0—0) | • खतरा है तैय्यार हो जाओ। |
| 4. तीन छोटी एक लम्बी सीटी (000—) | • टोली नायक या टोली नायिका। |
| 5. चार छोटी एक लम्बी सीटी (0000—) | • दल नायक या दलनायिका को बुलाने के लिये। |
| 6. तीन छोटी और दो लम्बी सीटी (000——) | • स्काउट मास्टर / गाइड कैप्टन को बुलाने के लिये। |
| 7. तीन लम्बी सीटी (———) | • विसर्जन / तितर-बितर, बिखर जाओ। |
| 8. एक छोटी सीटी (0) | • शान्त हो जाओ। |

दिनांक ....................

(7)




## खोज के चिन्ह

| क्रम सं. | संकेत | अभिप्राय |
|---|---|---|
| 1. |  | • यह रास्ता साफ है, तीर की दिशा में जाइये। |
| 2. |  | • रास्ता बन्द है। |
| 3. |  | • तीर की निशान की ओर तीन कदम पर कोई पत्र है। |
| 4. |  | • यहाँ ठहरो। |
| 5. |  | • मैं घर चला गया हूँ। |
| 6. |  | • तीर की ओर कैम्प है। |
| 7. |  | • पीने योग्य पानी है। |
| 8. |  | • गन्दा पानी है। |
| 9. |  | • कुशल मंगल है। |
| 10. |  | • अकुशल मंगल है। |
| 11 |  | • आगे पुल है। |
| 12. |  | • दाहिनी ओर मुड़ जाओ। |
| 13. |  | • शान्ति है। |
| 14. |  | • अशान्ति है। |

## पत्थरों से बनाया जाने वाला चिन्ह

| क्रम सं॰ | संकेत | अभिप्राय |
|---|---|---|
| 15. | 8 | • इधर से जाइये रास्ता साफ है। |
| 16. | 8o | • दाहिनी ओर मुड़ जाये। |
| 17. | 000 | • रास्ता बन्द है। |

## जंगलों में पेड़ पर बनाये जाने वाला चिन्ह

| क्रम सं॰ | संकेत | अभिप्राय |
|---|---|---|
| 18. |  | • रास्ता साफ है। |
| 19. |  | • छोटे चिन्ह की ओर मुड़ जाये। |
| 20. |  | • रास्ता बन्द है उधर से न जाये। |

दिनांक ..........................



# गाँठ- फाँस और बन्धन

## गाँठ -

जब रस्सी के दोनों छोरों को आपस में मिलाया या जोड़ा जाता है, उसे गाँठ कहते हैं।

### प्रकार -

1. साधारण गाँठ
2. अष्टाकार गाँठ
3. जुलाहा गाँठ
4. लघुकर गाँठ
5. ध्रुव गाँठ
6. मछवार गाँठ
7. डॉक्टरी गाँठ

## फास -

जब रस्सी को किसी से मिलाया जाता है, तो उसे फास कहते हैं।

### प्रकार -

1. खूंटा फास
2. तम्बू फास
3. गीला फास
4. लोटा फास

**बन्धन** —
जब दो या दो से अधिक स्तम्बों को मिलाया जाता है, और उसे जोड़ने के लिये रस्सी का प्रयोग होता है, उसे बन्धन कहते हैं।

**प्रकार** —

समान्तर बन्धन
चौकोर बन्धन
अष्टाकार बन्धन
कर्णाकार बन्धन

## उम्र अनुसार विभाजन

| | | |
|---|---|---|
| 3-5 वर्ष | —— | बनी - टमटोला |
| 6-10 वर्ष | —— | कब - बुलबुल |
| 10-17 वर्ष | —— | स्काउट - गाइड |
| 17-25 वर्ष | —— | रोवर्स - रेंजर्स |
| 25 से अधिक | —— | प्रशिक्षण मास्टर तथा स्वैच्छिक समदानी बनाकर सेवा देना। |